# Section A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **1** से **80** तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को **OMR** शीट पर चिह्नित करें। केवल **40** प्रश्नों के ही उत्तर दें। **40 × 1 = 40**

1. वियना काँग्रेस में कौन राष्ट्र सम्मिलित नहीं था?
   (A) ब्रिटेन (B) रूस (C) फ्रांस (D) जर्मनी

2. कावूर कौन था?
   (A) जर्मनी का राजा (B) इटली का प्रधानमंत्री
   (C) इटली का राजा (D) जर्मनी का मंत्री

3. 'यूरोप का मरीज' किसे कहा जाता था?
   (A) तुर्की (B) इटली (C) इंग्लैंड (D) फ्रांस

4. सन् 1870 में फ्रांस और प्रशा के बीच युद्ध कहाँ हुआ था?
   (A) सेडान (B) सेडोवा
   (C) साइराइन (D) फ्रैंकफर्ट

5. कार्ल मार्क्स का जन्म कहाँ हुआ था?
   (A) जर्मनी (B) इंग्लैंड
   (C) फ्रांस (D) पोलैंड

6. रूस में कृषक दास प्रथा का अंत कब हुआ?
   (A) 1861 (B) 1862 (C) 1860 (D) 1870

7. चेका क्या था?
   (A) सेना की टुकड़ी (B) पुलिस दस्ता
   (C) पादरी वर्ग (D) श्रमिक वर्ग

8. 16वीं लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या कितनी है?
   (A) 61 (B) 63 (C) 65 (D) 67

9. लैंगिक विभाजन का क्या अर्थ है?
   (A) समाज में स्त्रियों की संख्या की गणना
   (B) स्त्रियों एवं पुरुषों की संख्या का अनुपात
   (C) स्त्री एवं पुरुष के बीच जैविक अंतर
   (D) समाज द्वारा स्त्रियों एवं पुरुषों को दी गई असमान भूमिकाएँ।

10. भारत के किस राज्य में सर्वप्रथम पंचायती राज की शुरुआत हुई?
    (A) राजस्थान (B) पंजाब (C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

11. पंचायत समिति का प्रधान कौन होता है?
    (A) मुखिया (B) सरपंच (C) प्रमुख (D) पंचायत सेव

12. ग्राम पंचायत की अध्यक्षता कौन करता है?
    (A) प्रमुख (B) मुखिया (C) पंच (D) सरपंच

13. बिहार की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार कितनी है?
    (A) 10,25,04,280 (B) 10,10,15,637
    (C) 10,38,04,637 (D) 10,25,04,600

14. राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन कब हुआ था?
    (A) 1950 (B) 1951
    (C) 1952 (D) इनमें से कोई नहीं

15. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना कौन करता है?
    (A) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)
    (B) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
    (C) वित्त विभाग
    (D) राष्ट्रीय विकास परिषद

CS CamScanner

16. भारत में वित्तीय वर्ष होता है—
(A) 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक
(B) 1 जुलाई से 30 जून तक
(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक
(D) इनमें से कोई नहीं

17. इनमें से कौन एक बीमारू राज्य नहीं है?
(A) बिहार (B) मध्यप्रदेश
(C) कर्नाटक (D) उड़ीसा

18. निम्न में से कौन लौह युक्त खनिज का उदाहरण है?
(A) मैग्नेटाइट (B) अभ्रक (C) बॉक्साइट (D) चूना पत्थर

19. एफ०ए०ओ० की वानिकी रिपोर्ट के अनुसार 1948 में विश्व में कितने हेक्टेयर भूमि पर वन का विस्तार था?
(A) 6 अरब हेक्टेयर (B) 4 अरब हेक्टेयर
(C) 8 अरब हेक्टेयर (D) 5 अरब हेक्टेयर

20. किस राज्य में वनों का सबसे अधिक विस्तार है?
(A) मध्य प्रदेश में (B) उत्तर प्रदेश में
(C) कर्नाटक में (D) केरल में

21. सुन्दरवन टाइगर रिजर्व कहाँ है?
(A) पश्चिम बंगाल (B) ओडिशा
(C) उत्तराखंड (D) केरल

22. द्वितीय पृथ्वी सम्मेलन कहाँ हुआ था?
(A) न्यूयार्क (B) पेरिस
(C) मास्को (D) इनमें से कोई नहीं

23. आपदा प्रबंधन का प्रमुख घटक है
(A) स्थानीय प्रशासन (B) स्वयं सेवी संगठन
(C) गाँव तथा मुहल्ले के लोग (D) इनमें से सभी

24. निम्न में कौन भूकम्प का सर्वाधिक संवेदनशील नगर है?
(A) देहरादून (B) राँची (C) हैदराबाद (D) चेन्नई

25. भूकंप से पृथ्वी पर पहुँचनेवाली सबसे पहली तरंग को क्या कहते हैं?
(A) पी-तरंग (B) एल-तरंग
(C) एस-तरंग (D) टी-तरंग

26. हिन्द-चीन पहुँचने वाला प्रथम व्यापारी कौन थे?
(A) इंग्लैण्ड (B) फ्रांसीसी (C) पुर्त्तगाली (D) डच

27. अंकोरवाट का मंदिर कहाँ स्थित है?
(A) वियतनाम (B) थाइलैंड (C) लाओस (D) कम्बोडिया

28. असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव कांग्रेस के किस अधिवेशन में पारित हुआ?
(A) सितंबर 1920, कलकत्ता (B) अक्टूबर 1920, अहमदाबाद
(C) नवंबर 1920, फैजपुर (D) दिसंबर 1920, नागपुर

29. सविनय अवज्ञा आंदोलन कब शुरू हुआ?
(A) 1920 (B) 1930 (C) 1935 (D) 1942

30. 'फारवर्ड ब्लाक' की स्थापना किसने की थी?
(A) जवाहर लाल नेहरू (B) महात्मा गाँधी
(C) सुभाष चन्द्र बोस (D) जय प्रकाश नारायण

31. 'वेदों की ओर लौटो' नारा किसने दिया?
(A) राम कृष्ण परमहंस (B) स्वामी विवेकानंद
(C) स्वामी दयानंद सरस्वती (D) इनमें से कोई नहीं

32. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की?
(A) राजा राममोहन राय (B) दयानंद सरस्वती
(C) विवेकानंद (D) रामकृष्ण परमहंस

33. जालियाँवाला बाग हत्याकांड कब हुआ?
(A) 13 अप्रैल 1919 (B) 14 अप्रैल 1919
(C) 15 अप्रैल 1919 (D) 16 अप्रैल 1919

34. भारत में कहाँ महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है?
(A) लोकसभा (B) विधानसभा
(C) पंचायती राज व्यवस्था (D) मंत्रिमंडल

35. संघ राज्य की विशेषता नहीं है—
(A) लिखित संविधान (B) शक्तियों का विभाजन
(C) इकहरी शासन-व्यवस्था (D) सर्वोच्च न्यायपालिका

36. भारत की दल पद्धति की क्या विशेषता है?
(A) द्विदलीय पद्धति (B) बहुदलीय पद्धति
(C) साम्प्रदायिक दलों का अभाव (D) क्षेत्रीय दलों का अभाव

37. जनता दल यूनाइटेड नामक राजनीतिक दल का चुनाव चिन्ह क्या है?
(A) लालटेन (B) तीर (C) बंगला (D) कमल का फूल

38. भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह क्या है?
(A) हाथ का पंजा (B) कमल का फूल
(C) गेंदा का फूल (D) चक्र

39. निम्नलिखित में कौन किसान यूनियन के नेता थे?
(A) मोरारजी देसाई (B) जय प्रकाश नारायण
(C) महेन्द्र सिंह टिकैत (D) चौधरी चरण सिंह

40. किस धातु का मुद्रा के रूप में सर्वाधिक प्रयोग हुआ है?
(A) लोहा (B) ताँबा (C) पीतल (D) चाँदी और सोना

41. भारत का केंद्रीय बैंक कौन है?
(A) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (B) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
(C) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (D) पंजाब नेशनल बैंक

42. व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब किया गया?
(A) 1965 में (B) 1969 में (C) 1975 में (D) 1980 में

43. मानव पूँजी के प्रमुख घटक है—
(A) ज्ञान (B) कौशल (C) अनुभव (D) इनमें से सभी

44. कौन-सी सेवा गैर-सरकारी है?
(A) सैन्य सेवा (B) वित्त सेवा
(C) मॉल सेवा (D) रेल सेवा

45. विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना कब हुई?
(A) 1991 ई० (B) 1993 ई० (C) 1995 ई० (D) 1997 ई०

46. वैश्वीकरण का सबसे नकारात्मक प्रभाव किस क्षेत्र में देखा गया है?
(A) कृषि एवं ग्रामीण (B) रोजगार
(C) बैंक (D) उद्योग

47. काली मिट्टी का दूसरा नाम क्या है?
(A) बलुई मृदा (B) रेगुर मृदा
(C) लाल मृदा (D) पर्वतीय मृदा

48. कुल जल का कितना प्रतिशत भाग महासागरों में निहित है?
(A) 9.5% (B) 95.5% (C) 96% (D) 96.5%

49. निम्न में से कौन रोपण फसल नहीं है?
(A) रबड़ (B) गन्ना (C) धान (D) चाय

50. भारत के किस राज्य में सोपानी (सीढ़ीनुमा) खेती प्रचलित है?
(A) बिहार (B) पंजाब (C) हरियाणा (D) उत्तराखंड

51. भारत का बर्मिघम किस शहर को कहा जाता है?
(A) बोकारो (B) जमशेदपुर (C) भिलाई (D) रिवाड़ी

52. सीमेन्ट उद्योग का प्रमुख कच्चा माल है
(A) चूनापत्थर (B) बॉक्साइट (C) ग्रेनाइट (D) लौह अयस्क

53. निम्न में से कौन विदेशी ब्रांड नहीं है?
(A) हुंडई (B) टोयोटा (C) फोर्ड (D) टाटा

54. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना की गई—
(A) 1854 में (B) 1907 में (C) 1915 में (D) 1923 में

55. 26 दिसम्बर, 2004 को विश्व के किस हिस्से में भयंकर सुनामी आया था?
(A) पश्चिम एशिया (B) प्रशान्त महासागर
(C) अटलांटिक महासागर (D) बंगाल की खाड़ी

56. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन है—
(A) सार्वजनिक टेलीफोन (B) मोबाईल
(C) रेडियो (D) इनमें से कोई नहीं

57. मुम्बई में प्रथम सूती कपड़ा मिल किस वर्ष स्थापित की गई?
(A) 1850 में (B) 1852 में (C) 1854 में (D) 1858 में

58. इंगलैंड में सभी स्त्री एवं पुरुषों को वयस्क मताधिकार कब प्राप्त हुआ?
(A) 1838 (B) 1881 (C) 1918 (D) 1932

59. पटना में गोलघर किस उद्देश्य से बनाया गया था?
(A) सैनिक रखने के लिए (B) अस्त्र-शस्त्र रखने के लिए
(C) अनाज रखने के लिए (D) पूजा करने के लिए

60. गार्डन सिटी की योजना किसने बनाई?
(A) रेमंड अनविन ने (B) बैरी पार्कर ने
(C) एबेनेजर हावर्ड ने (D) विलियम हॉर्नबी ने

CS CamScanner

61. 'गिरमिटिया' किसे कहते हैं?
(A) अनुबंधित मजदूर को (B) रोगियो को
(C) छिपकली को (D) अंग्रेजों को

62. 'हिन्दुस्तान रिव्यू' का प्रकाशन किसने आरम्भ किया?
(A) रामकृष्ण वर्मा (B) श्री कृष्ण सिंह
(C) मजहरुल हक (D) सच्चिदानंद सिन्हा

63. गुटेनवर्ग ने सर्वप्रथम किस पुस्तक की छपाई की?
(A) कुरान (B) गीता (C) हदीस (D) बाइबिल

64. निम्न में से कौन-सी एक बात लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है?
(A) कानून के समक्ष समानता (B) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव
(C) उत्तरदायी शासन व्यवस्था (D) बहुसंख्यकों का शासन

65. लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती हैं
(A) नागरिकों की उदासीनता पर
(B) नागरिकों की गैर-कानूनी कार्रवाई पर
(C) नागरिकों की विवेकपूर्ण सहभागिता पर
(D) नागरिकों द्वारा अपनी जाति के हितों की रक्षा पर

66. 15वीं लोकसभा चुनाव से पूर्व लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी थी—
(A) 10 प्रतिशत (B) 15 प्रतिशत
(C) 33 प्रतिशत (D) 50 प्रतिशत

67. लिच्छवी गणतंत्र भारत के किस राज्य में अवस्थित था?
(A) बिहार (B) राजस्थान (C) महाराष्ट्र (D) त्रिपुरा

68. किसने कहा, "बिहार के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है?"
(A) डॉ०ए०पी०जे०अब्दुल कलाम (B) नरेन्द्र मोदी
(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (D) इनमें से कोई नहीं

69. नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 कब लागू किया गया?
(A) 20 जुलाई, 2020 (B) 25 जुलाई, 2020
(C) 30 जुलाई, 2020 (D) 1 अगस्त, 2020

70. भारत में मानव अधिकार सुरक्षा अधिनियम कब पारित हुआ?
(A) 1981 ई० में (B) 1991 ई० में
(C) 1993 ई० में (D) 1995 ई० में

71. भारत का सबसे बड़ा रेलवे क्षेत्र कौन है?
(A) पूर्व रेलवे क्षेत्र (B) पश्चिम रेलवे क्षेत्र
(C) दक्षिण रेलवे क्षेत्र (D) उत्तर रेलवे क्षेत्र

72. भारत का सबसे बड़ा बन्दरगाह है—
(A) मुंबई (B) चेन्नई (C) कोलकाता (D) कांडला

73. देश में कितने विशेष अर्थिक क्षेत्र विकसित हैं?
(A) 10 (B) 7 (C) 15 (D) 5

74. स्वर्णिम चतुर्भुज संबंधित है :
(A) रेलवे से (B) सड़क मार्गों से
(C) जल मार्गों से (D) वायु मार्गों से

75. कहलगाँव तापीय विद्युत परियोजना है
(A) भागलपुर जिला में (B) मुंगेर जिला में
(C) बाँका जिला में (D) मुजफ्फरपुर जिला में

76. पाइराइट किस प्रकार का खनिज है?
(A) धात्विक (B) अधात्विक
(C) परमाणु (D) ईंधन

77. रेल वर्कशाप कहाँ स्थित है?
(A) जमालपुर (B) भागलपुर (C) मुंगेर (D) पटना

78. 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार की नगरीय आबादी है—
(A) 20.5 प्रतिशत (B) 15.5 प्रतिशत
(C) 10.5 प्रतिशत (D) 25.5 प्रतिशत

79. लीची के उत्पादन के लिए बिहार के कौन दो जिले प्रसिद्ध हैं?
(A) पूर्णिया और कटिहार (B) गया और नवादा
(C) पटना और नालंदा (D) मुजफ्फरपुर और वैशाली

80. इनमें से कौन-सी प्राकृतिक आपदा नहीं है?
(A) आतंकवाद (B) सुनामी (C) बाढ़ (D) भूकम्प

CS CamScanner

# गैर वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Non-Objective Questions)

## इतिहास (History)

### लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। **3 × 2 = 6**

1. मेजिनी कौन था?
2. हो-ची-मिन्ह मार्ग क्या है? बताएँ।
3. राष्ट्रवाद क्या है?
4. खूनी रविवार क्या है?
5. "असहयोग आंदोलन प्रथम जन आंदोलन था।" टिप्पणी करें।
6. गुटेनबर्ग ने मुद्रणयंत्र का विकास कैसे किया?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 7 से 8 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। **1 × 4 = 4**

7. हिन्द-चीन में फ्रांसीसियों द्वारा उपनिवेश स्थापना के किन्हीं तीन उद्देश्यों का उल्लेख करें।
8. इटली के एकीकरण में मेजिनी, कावूर और गैरीबाल्डी के योगदानों को बतायें।

## राजनीति विज्ञान (Political Science)

### लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 9 से 12 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। **2 × 2 = 4**

9. भारत में किस तरह की जातिगत असमानताएँ है? स्पष्ट करें।
10. राजनीतिक दल किस तरह सत्ता में साझेदारी करते हैं?
11. सत्ता की साझेदारी से आप क्या समझते हैं?
12. राजनीतिक दलों का मुख्य लक्ष्य क्या होता है?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 13 से 14 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। **1 × 4 = 4**

13. राजनीतिक दल किस प्रकार राष्ट्रीय विकास में योगदान करते हैं?
14. भारतवर्ष में लोकतंत्र कैसे सफल हो सकता है?

## अर्थशास्त्र (Economics)

### लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 15 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। **2 × 2 = 4**

15. अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?
16. उपभोक्ता के कर्तव्यों के बारे में लिखें।
17. क्रेडिट कार्ड क्या है?
18. राष्ट्रीय आय के मापन में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों का वर्णन करें।

CamScanner

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 19 से 20 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। **1 × 4 = 4**

19. भारत में सामान्य व्यक्ति पर वैश्वीकरण का क्या प्रभाव पड़ा?
20. भारत सरकार के द्वारा रोजगार सृजन के लिए कौन-कौन से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं?

# भूगोल (Geography)

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। **3 × 2 = 6**

21. पृथ्वी को नीला ग्रह की संज्ञा क्यों दी जाती है?
22. श्वेत क्रांति किसे कहते हैं?
23. कृषि आधारित उद्योग किसे कहते हैं?
24. वायु परिवहन का क्या लाभ है?
25. उपभोक्ता उद्योग से आप क्या समझते हैं?
26. प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण क्यों आवश्यक है?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 27 से 28 दीर्घ उत्तरीय हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। **1 × 4 = 4**

27. भारत में पारंपरिक शक्ति के विभिन्न स्रोतों का विवरण प्रस्तुत करें।
28. चावल की फसल के लिए उपयुक्त भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करें।

# आपदा प्रबंधन (Disaster Management)

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 29 से 32 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। **2 × 2 = 4**

29. बाढ़ के कारण एवं सुरक्षा संबंधी उपाय का वर्णन करें।
30. भूस्खलन के कितने रूप होते हैं?
31. आग लगने की स्थिति में क्या प्रबंधन करना चाहिए? उल्लेख करें।
32. हैम रेडियो के उपयोग पर प्रकाश डालिए।

CamScanner